Title: Need to provide for participation of MPs in various Central Government sponsored rural development schemes.

**श्री मित्रसेन यादव :** मान्यवर, सम्पूर्ण देश में ग्रामीण विकास के लिए बहुत सारी योजनाएं लागू की गई हैं। भारत सरकार अरबों रुपया ग्रामीण विकास पर खर्च कर रही है। गांवों के विकास के लिए ये योजनाएं लागू की गईं। इन योजनाओं में पेय जल योजना, इन्दिरा आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, काम के बदले अनाज योजनाएं हैं। ऐसी बहुत सारी योजनाएं हैं। इन योजनाओं पर भारत सरकार अरबों रुपए खर्च कर रही है। â€¦ (व्यवधान)

**श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर) :** अध्यक्ष महोदय, यह यहां अकेले पड़ गए हैं। â€¦ (व्यवधान) स्थिति बहुत खराब है। â€¦ (व्यवधान)

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी (लखनऊ) :** अध्यक्ष महोदय, मेरा व्यवस्था का प्रश्न है। इसके बाद कॉलिंग अटैंशन आना है। उसमें और भी विषय उठाए जा रहे हैं जिन की इस समय आवश्यकता नहीं है। â€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय:** हमने आपकी बात सुनी है।

â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: I have talked to the hon. Member. There would be no problem.

â€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय:** वाजपेयी जी, हम इस बात को जानते हैं।

**श्री मित्रसेन यादव :** अध्यक्ष महोदय, ग्रामीण विकास योजनाओं के लिए भारत सरकार प्रदेश सरकारों को 80 परसैंट पैसा देती है लेकिन सदन के माननीय सदस्यों की उसमें कोई भूमिका नही रहती है। उसमें उनकी किसी प्रकार की भागीदारी सुनिश्चित नहीं की गई है। हमारे माननीय सदस्यों में इस बात को लेकर असंतोष है। भारत सरकार के पैसे में उनका कहीं कोई दखल नहीं है। हम कहीं भी हैंड पाइप लगा नहीं सकते हैं और न ही इन्दिरा आवास योजना के अन्तर्गत किसी को आवास दे सकते हैं। हमारी मांग है कि भारत सरकार के पैसे में से माननीय सदस्यों की दखलअन्दाजी और भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: You cannot go on indefinitely. Now, nothing will be recorded. Please take your seat.

*(Interruptions)**

***Not Recorded.**